पंजाब केसरी 8/5/25

## यू.जी.सी. ने विश्वविद्यालयों के लिए जारी किए दिशा निर्देश, साल में दो बार प्रवेश

# 12वीं कक्षा के बाद यू.जी. कोर्स में डिग्री की छूट

चंडीगढ़, 7 मई (आशीष): नामांकन बढ़ाने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए यू.जी.सी. ने उच्च शिक्षा में बड़े बदलाव किए हैं। यू.जी.सी. ने विश्वविद्यालयों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। नए प्रावधानों के तहत अब विश्वविद्यालयों साल में दो बार प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। अभी तक यूनिवर्सिटी में जुलाई में प्रवेश होते हैं, लेकिन जो छात्र किसी कारणवश प्रवेश ले सकेंगे। वहीं, यू.जी.सी. ने अब 12वीं कक्षा किसी भी विषय में की हों, वह यू.जी. के किसी भी कोर्स में प्रवेश ले सकता है। इसके लिए छात्र को यूनिवर्सिटी या कॉमन एंट्रेंस टैस्ट पास करना होगा। इसी प्रकार छात्र ने यू.जी. किसी भी विषय में किया है तो पी.जी. के कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। इसलिए भी छात्र को यूनिवर्सिटी या फिर कॉमन एंट्रेंस टैस्ट पास करना होगा।

यू.जी.सी. ने एक और बड़ा बदलाव किया है। छात्र होशियार है और डिग्री को समय से पहले पूरा करने में सक्षम है तो उसे मौका दिया जाएगा। छात्र चार साल की डिग्री की अवधि को छह महीने से एक साल तक कम कर सकता है। इसके लिए विश्वविद्यालयों को लिखकर देना होगा, जिसका आंकलन विवि करेगा।

### बदलाव से छात्रों को ये फायदा



- अब वर्ष में दो बार जनवरी और जुलाई में प्रवेश लेने की सुविधा मिलने से छात्रों को समय की पाबंदी से आजादी मिलेगी।
- अनुभव और स्वयं अधिगम को मान्यता मिलेगी, जिससे गैर पारम्परिक छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खुलेंगे।
- किसी भी पृष्ठभूमि से छात्र अब किसी भी विषय में दाखिला ले सकते हैं, जिससे कैरियर के नए विकल्प खुलेंगे।
- दो डिग्री एक साथ करने की अनुमति से बहुविषयक ज्ञान और अवसरों में वृद्धि होगी।
- छात्र कम समय में डिग्री प्राप्त कर सकते हैं और जल्द नौकरी या उद्यमिता शुरू कर सकते हैं।

### उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए लाभ

- संस्थान अपनी सीटें भरने के लिए रियासत दे सकेंगे।
- इंटर डिसिप्लिरी और डुअल डिग्री प्रोग्राम से नए-नए पाठ्यक्रमों को डिजाइन करने की आजादी मिलेगी।
- संस्थान प्रोफेशनल्स और कामकाजी लोगों को डिग्री लेने के लिए आकर्षित कर सकेंगे।
- तेजी से डिग्री पूर्ण कराने से संस्थान अपनी इंफ्रास्ट्रक्चर क्षमता का अधिकतम उपयोग कर पाएंगे और अधिक छात्रों को प्रवेश दे सकेंगे।

### मकसद : छात्र रोजगार से जुड़े

यू.जी.सी. का उद्देश्य है कि उच्च शिक्षा में छात्रों का नामांकन अधिक हो। छात्र डिग्री पूरी कर जल्द रोजगार से जुड़े। अक्सर देखा गया है कि दाखिला प्रक्रिया समाप्त होने के बाद दूसरे राज्यों के कॉलेज में बच्चों के शिफ्ट होने कारण सीट खाली रह जाती हैं। इस प्रक्रिया से कॉलेज को भी आर्थिक फायदा होगा।

-डॉ. अजय शर्मा, प्रिंसीपल, जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज।

Chandigarh Bhaskar 16-5-25

**भास्कर एनालिसिस** आगे की पढ़ाई के लिए पर्याप्त मौके हैं इस शहर में, 3460 सीटों के लिए होती है सेंट्रलाइज्ड एडमिशन

# 12वीं में 17,668 स्टूडेंट्स पास, यूजी के अलग-अलग कोर्सेस में करीब 20 हजार सीटें

आरती एम.अग्निहोत्री | चंडीगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं क्लास के रिजल्ट में इस बार चंडीगढ़ से 17,668 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। आगे की पढ़ाई के लिए चंडीगढ़ में अलग-अलग कोर्सेस में करीब 20 हजार सीटें हैं। इनमें से करीब 3460 सीटें इंजीनियरिंग, मेडिकल कोर्सेस, पीयू में विभिन्न यूजी कोर्सेस में हैं, जिनमें सेंट्रलाइज्ड एडमिशन होती है और एंट्रेंस टेस्ट देना होता है। बाकी बची करीब 16,570 सीटें बाकी यूजी कोर्सेस में हैं। इनमें से 15375 सीटें चंडीगढ़ के कॉलेजों में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, बीवॉक में एडमिशंस के लिए हैं। बीबीए, बीसीए और बीकॉम में एडमिशन प्रशासन के हायर एजुकेशन विभाग के सेंट्रलाइज्ड पोर्टल के माध्यम से होता है। बाकी कोर्सेस में कॉलेज खुद मेरिट बेस पर एडमिशन करते हैं। इनमें 85 प्रतिशत कोटा चंडीगढ़ के स्टूडेंट्स का रहता है। यानी कॉलेजों में पारंपरिक कोर्सेस में एडमिशन लेनी है तो करीब 13,100 स्टूडेंट्स यहीं दाखिला पा सकते हैं। वहीं, पीयू के ईवनिंग स्टडीज विभाग में भी बीए और बीकॉम के लिए करीब 1200 सीटें हैं। 12वीं पास करने वाले कुछ स्टूडेंट्स चंडीगढ़ से बाहर जाकर भी पढ़ाई करते हैं। ऐसे में चंडीगढ़ में चंडीगढ़ के स्टूडेंट्स के लिए पर्याप्त सीटें हैं।

## चंडीगढ़ के कॉलेजों में सीटों का हिसाब-किताब...

- **बीबीए, बीसीए, बीकॉम में 4350 सीटों पर सेंट्रलाइज्ड एडमिशन:** पीजीजीसीजी-11, पीजीजीसीजी-42, एमसीएम-डीएवी 36, डीएवी-10, पीजीजीसी-11, पीजीजीसी-46, एसजीजीएस-26, जीजीएससीडब्ल्यू-26, जीजीडीएसडी-32, जीसीसीबीए-50, देव समाज-45, आरआईसीएम-32 में बीबीए, बीसीए, बीकॉम में 4350 सीटों पर सेंट्रलाइज्ड एडमिशन होती है। चंडीगढ़ का हायर एजुकेशन विभाग एक कॉमन पोर्टल के माध्यम से एडमिशन करता है। इन कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीएससी बायोटेक, बीवॉक में करीब 11,025 सीटों पर कॉलेज खुद एडमिशन करते हैं। इनकी एडमिशन प्रक्रिया जून के पहले या दूसरे हफ्ते में शुरू होगी।
- **जॉइंट एडमिशन कमेटी से 1327 पर सेंट्रलाइज्ड एडमिशन:** चंडीगढ़ के इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए जॉइंट एडमिशन कमेटी के माध्यम से एडमिशन होती है। इसके तहत सीसीईटी-26, चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर सेक्टर-12, यूआईईटी पीयू, डॉ. एसएसबी यूआईसीईटी पीयू में 1327 सीटों पर एडमिशन होती है। एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन 21 जून तक जेएसी की वेबसाइट पर की जा सकती है। इसके बाद काउंसिलिंग होगी। एडमिशन जेईई मेंस के स्कोर के आधार पर होता है।
- **पेक में 880 सीटें:** पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज सेक्टर 12 में यूजी और डिजाइन कोर्सेस में 880 सीट्स हैं। एडमिशन जॉइंट सीट एलोकेशन एथॉरिटी की ओर से सेंट्रलाइज्ड होता है। रजिस्ट्रेशन प्रोसेस जेईई एडवांस्ड के रिजल्ट के बाद जून के पहले हफ्ते में शुरू होने की संभावना है।
- **पीयू में बीकॉम एलएलबी और बीए एलएलबी इंटेग्रेटेड :** पीयू में बीकॉम एलएलबी और बीए एलएलबी इंटेग्रेटेड 5 ईयर कोर्स करवाया जाता है। दोनों कोर्सेस के लिए कैंपस में 180-180 सीटें हैं। एडमिशन यूजी लॉ एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होता है। एंट्रेंस टेस्ट 27 अप्रैल को हो चुका है।
- **जीएमसीएच-32 में एमबीबीएस की 150 सीटें:** जीएमसीएच-32 में एमबीबीएस कोर्स के लिए 150 सीटें हैं। एडमिशन नीट के स्कोर पर होगा। नीट का एग्जाम 4 मई को हुआ था। रिजल्ट जल्द घोषित होने वाला है। फिर रजिस्ट्रेशन शुरू होगी।
- **डॉ. एचजेएस इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस पीयू:** बीडीएस की 100 सीटें। एडमिशन नीट के स्कोर पर होगा।
- **पीयू कैंपस में यूजी कोर्सेस में 410 सीटें:** पीयू कैंपस में विभिन्न यूजी कोर्सेस में 410 सीटों पर एडमिशन पीयू सीईटी यूजी के माध्यम से होता है। एंट्रेंस टेस्ट 11 मई को हुआ है, रिजल्ट 23 मई को संभावित है।
- **होटल मैनेजमेंट कोर्सेस में 90 सीटें :** पीयू के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में दो बीएचएम एंड सीटी में 60 और बीटीटीएम में 30 सीटें हैं। एडमिशन पीयूटीएचएटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से होता है, जो 25 अप्रैल को हो चुका है।

- **ये भी हैं कोर्स:** पीयू में बीएड इंटेग्रेटेड कोर्स में 50 सीटें हैं। पीजीआई में 93 सीटें बीएससी नर्सिंग की हैं।

## भास्कर एक्सपर्ट

### बीकॉम एडमिशंस में प्रेशर, बाकी के लिए पर्याप्त मौके हैं



*चंडीगढ़ से 12वीं पास करने वाले स्टूडेंट्स में 25 प्रतिशत स्टूडेंट्स अच्छा इंस्टीट्यूट या कॉलेज में एडमिशन मिलने पर देश के अन्य शहरों में पढ़ने चले जाते हैं। इनमें इंजीनियरिंग, एमबीबीएस, बीडीएस वाले स्टूडेंट्स के अलावा कुछ प्रतिशत उन स्टूडेंट्स का भी है जो दिल्ली के टॉप कॉलेजों में बीए या बीकॉम में एडमिशन लेते हैं। चंडीगढ़ में स्टूडेंट्स के पास पर्याप्त मौके हैं। यहां के कॉलेजों का इंफ्रास्ट्रक्चर अन्य शहरों से बेहतर है। इसलिए अन्य शहरों के स्टूडेंट्स भी यहां आकर पढ़ना प्रेफर करते हैं। चंडीगढ़ में ज्यादा प्रेशर सिर्फ बीकॉम में एडमिशंस का है, क्योंकि यहां बीकॉम में यूटी पूल में 116 परसेंटाइल तक हाईएस्ट पर्सेंटेज जाता है, वहीं कटऑफ करीब 75 परसेंटाइल तक रहता है। हर साल इसमें थोड़ी फ्लेक्सिबिलिटी रहती है।*

**-प्रो. संजय कौशिक,** डीन कॉलेज डेवलपमेंट काउंसिल, पीयू

### साइंस में कई सीटें खाली रह जाती हैं...



*साइंस सब्जेक्ट्स की कुछ सीट्स कॉलेजों में हमेशा खाली रह जाती हैं। कारण ये कि प्राइवेट यूनिवर्सिटी या इंस्टीट्यूट 45 प्रतिशत वाले को भी इंजीनियरिंग में एडमिशन दे देता है। वहीं हमारे यहां मेरिट पर एडमिशन दी जाती है और उसे भी समय लग जाता है। एडमिशन प्रोसेस जून में शुरू होता है जिस कारण स्टूडेंट्स अन्य इंस्टीट्यूट्स में अपनी सीट्स सिक्योर कर लेते हैं। इसके अलावा मार्केटिंग इंप्रेसिव होने के चलते कई स्टूडेंट्स प्राइवेट यूनिवर्सिटीज में एडमिशन लेना भी प्रेफर करते हैं।*

**-डॉ. अजय कुमार शर्मा,** प्रिंसिपल, जीजीडीएसडी कॉलेज

चंडीगढ़ | शनिवार • 14.06.2025

अमर उजाला 05

# एसडी कॉलेज में यूजी कोर्स के लिए 28 तक करें आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित एसडी कॉलेज में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिला लेने के लिए 28 जून तक आवेदन किया जा सकता है।

बीकॉम, बीबीए और बीसीए के पहले वर्ष में दाखिला डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन की सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होगा। एडमिशन शेड्यूल के तहत 1 जुलाई को शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले सभी छात्रों की लिस्ट डिसप्ले होगी। विसंगतियों की रिपोर्ट स्पिक को ईमेल के माध्यम से 3 जुलाई को शाम 5 बजे तक की जा सकती है।

सभी योग्य आवेदकों की प्रोविजनल लिस्ट 7 जुलाई को शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी। 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जिन आवेदकों को कॉलेज अलॉट किया गया है, उनकी प्रोविजनल लिस्ट डिसप्ले की जाएगी। बीए, बीएससी, बीवोक के पहले वर्ष में दाखिला लेने को इच्छुक छात्र सीधे कॉलेज की वेबसाइट के माध्यम से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



सेक्टर-32 का एसडी कॉलेज। स्रोतः कॉलेज

### बीए में 580 सीटें उपलब्ध

अंडर ग्रेजुएट कोर्स बीकॉम में 350 सीटें, बीकॉम टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट में 70 सीटें, बीबीए और बीसीए में 120 सीटें, बीए में 580 सीटें, बीएससी में 280 सीटें, बीएससी बायोटेक्नोलाजी में 30 सीटें और बीएससी डाटा एनेलिटिक्स में 70 सीटें उपलब्ध हैं। पोस्ट ग्रेजुएट और पीजी डिप्लोमा कोर्स में भी एडमिशन लिए जाएंगे। प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

Arth Parkash 14-6-25

# एसडी कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू, यूजी कोर्सों में 28 जून तक करें आवेदन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़।** उत्तर भारत के प्रमुख मल्टी फैकल्टी को-एजुकेशनल संस्थानों में से एक, सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिला लेने के लिए 28 जून तक आवेदन किया जा सकता है। बीकॉम, बीबीए और बीसीए के पहले वर्ष में दाखिला डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन (डीएचई), चंडीगढ़ की सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होगा। एडमिशन शेड्यूल के तहत 1 जुलाई को शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले सभी छात्रों की लिस्ट डिसप्ले होगी। आवेदकों द्वारा विसंगतियों की रिपोर्ट स्पिक को dhechd-helpline@gmail.com के माध्यम से 3 जुलाई को शाम 5 बजे तक की जा सकती है।

शेड्यूल के मुताबिक सभी योग्य आवेदकों की प्रोविजनल लिस्ट 7 जुलाई को शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी और 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जिन आवेदकों को कॉलेज अलॉट किया गया है उनकी प्रोविजनल लिस्ट डिसप्ले की जाएगी। वहीं, बीए, बीएससी, बी.वोक जैसे नॉन सेंट्रलाइज्ड कोर्सों के पहले वर्ष में दाखिला लेने को इच्छुक छात्र सीधे कॉलेज की वेबसाइट www.ggdsd.ac.in के माध्यम से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जीजीडीएसडी कॉलेज अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशी विकास के एक प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में खड़ा है। कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी, चंड़ीगढ़ से संबद्ध है। वर्ष 1973 में स्थापित, कॉलेज ने पारंपरिक मूल्यों को भविष्य के लिए तैयार वैश्विक दृष्टिकोण के साथ मिलाकर शिक्षा में लगातार मानक स्थापित किए हैं कॉलेज को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) द्वारा अपने चौथे चक्र में ए+ ग्रेड के साथ पुनः मान्यता दी गई है तथा नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में 70वीं रैंक प्राप्त की है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई मान्यता है।

Chandigarh Tribune 17-6-25

## GGDSD COLLEGE, SECTOR 32

The college has invited applications for admission to undergraduate, postgraduate, vocational, diploma and certificate programmes for the academic year 2025-26. June 28 is the last date to apply online.

Dainik Jagran 14-6-25

# एसडी कालेज में दाखिला प्रक्रिया शुरू यूजी कोर्सों में 28 तक करें आवेदन

जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ : सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) कालेज ने सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। उत्तर भारत के प्रमुख मल्टी-फैकल्टी को-एजुकेशनल संस्थानों में शामिल यह कालेज पंजाब यूनिवर्सिटी से संबद्ध है और शिक्षा में उत्कृष्टता का प्रतीक बन चुका है। कालेज में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों के लिए आवेदन मांगे हैं। बीकाम, बीबीए और बीसीए जैसे कोर्सों में दाखिला डायरेक्टर हायर एजुकेशन, चंडीगढ़ की सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया से होगा, जिसके लिए आवेदन की अंतिम तारीख 28 जून है। सभी आवेदकों की लिस्ट एक जुलाई को जारी की जाएगी। किसी भी विसंगति की सूचना 3 जुलाई शाम 5 बजे तक दी जा सकती है।

## मिशन एडमिशन

## इन कोर्स में इतनी सीटें उपलब्ध

| पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स | |
|---|---|
| एमकाम | 80 सीटें |
| एमए (इंग्लिश) | 40 सीटें |
| एमए (इकनामिक्स) | 60 सीटें |
| एमए (सोशियोलाजी) | 60 सीटें |
| एमएससी (फिजिक्स) | 40 सीटें |
| एमएससी (बायोटेक्नोलाजी) | 40 सीटें |
| एमएससी (मैथेमैटिक्स) | 40 सीटें |
| एमएससी (बायोइंफारमेटिक्स) | 40 सीटें |
| एमएससी (आइटी) | 40 सीटें |
| एमएससी अप्लाइड कैमिस्ट्री | (40 सीटें) |
| एमकाम (एंटरप्रेन्योरशिप और फैमिली बिजनेस) | 40 सीटें |
| एमवाक (फैशन टेक्नोलाजी एंड परिधान डिजाइन) | 25 सीटें |

| अंडर ग्रेजुएट कोर्स | |
|---|---|
| बीकाम | 350 सीटें |
| बीकाम (टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट) | 70 सीटें |
| बीबीए | 120 सीटें |
| बीसीए | 120 सीटें |
| बीए | 580 सीटें |
| बीएससी | 280 सीटें |
| बीएससी (बायोटेक्नोलाजी) | 30 सीटें |
| बीएससी (डाटा एनेलिटिक्स) | 70 सीटें |



सेक्टर-32 स्थित एसडी कालेज • कालेज

| पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स | |
|---|---|
| पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन | 50 सीटें |
| पीजी डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन | 30 सीटें |
| पीजी डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेंट | 50 सीटें |
| पीजी डिप्लोमा इन कार्मिक प्रबंधन और श्रम कल्याण | 50 सीटें |

Daimik Savera Times 14-6-25

# एसडी कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू, यूजी कोर्सों में 28 जून तक करें आवेदन

- कॉलेज 69 मल्टीडिसिप्लनरी अंडर-ग्रैजुएट और पोस्ट ग्रैजुएट कोर्सों के माध्यम से प्रदान कर रहा है अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुभव

**सवेरा न्यूज/नीना**



कॉलेज के प्रिंसिपल डा. अजय शर्मा एडमिशन की जानकारी देते हुए।

चंडीगढ़, 13 जून : उत्तर भारत के प्रमुख मल्टी फैकल्टी को-एजुकेशनल संस्थानों में से एक जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 में अंडर ग्रैजुएट, पोस्ट ग्रैजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंडर ग्रैजुएट कोर्सों में दाखिला लेने के लिए 28 जून तक आवेदन किया जा सकता है। बीकॉम, बीबीए और बीसीए के पहले वर्ष में दाखिला डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन (डीएचई), चंडीगढ़ की सैंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होगा। एडमिशन शैड्यूल के तहत 1 जुलाई को शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले सभी छात्रों की लिस्ट डिसप्ले होगी। आवेदकों द्वारा विसंगतियों की रिपोर्ट स्पिक के माध्यम से 3 जुलाई को शाम 5 बजे तक की जा सकती है।

शेड्यूल के मुताबिक सभी योग्य आवेदकों की प्रोविजनल लिस्ट 7 जुलाई को शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी और 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जिन आवेदकों को कॉलेज अलॉट किया गया है उनकी प्रोविजनल लिस्ट डिसप्ले की जाएगी। वहीं, बीए, बीएससी, बी.वोक जैसे नॉन सैंट्रलाइज्ड कोर्सों के पहले वर्ष में दाखिला लेने को इच्छुक छात्र सीधे कॉलेज की वेबसाइट के माध्यम से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जीजीडीएसडी कॉलेज अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशी विकास के एक प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में खड़ा है। कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से संबद्ध है।

एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि कॉलेज छात्रों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखता है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यापक शैक्षणिक अवसरों से समृद्ध छात्र-अनुकूल इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एडवांस्ड शैक्षणिक उपकरणों से सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने के अलावा कॉलेज छात्रों को उनकी विभिन्न प्रतिभाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसर देने और मंच प्रदान करता है। कॉलेज में लड़कों और लड़कियों के लिए 550 बेड से अधिक का हॉस्टल है और छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता के रूप में प्रतिवर्ष 31.5 लाख रुपए वितरित किए जाते हैं।

Dainik Tribune 14-6-25

## एसडी कॉलेज में दाखिला प्रक्रिया शुरू

# यूजी कोर्सों में करें 28 तक आवेदन

मनीमाजरा (चंडीगढ़), 13 जून (हप्र)

सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिला लेने के लिए 28 जून तक आवेदन किया जा सकता है। बीकॉम, बीबीए और बीसीए के पहले वर्ष में दाखिला डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन (डीएचई), चंडीगढ़ की सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होगा।

1 जुलाई को शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले सभी छात्रों की लिस्ट डिसप्ले होगी। शेड्यूल के मुताबिक सभी योग्य आवेदकों की प्रोविजनल लिस्ट 7 जुलाई को शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी और 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जिन आवेदकों को कॉलेज अलॉट किया गया है उनकी प्रोविजनल लिस्ट डिसप्ले की जाएगी। वहीं, बीए, बीएससी, बी.वोक जैसे नॉन सेंट्रलाइज्ड कोर्सों के पहले वर्ष में दाखिला लेने को इच्छुक छात्र सीधे कॉलेज की वेबसाइट के माध्यम से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## स्टूडेंट्स के संपूर्ण विकास पर फोकस: डॉ. अजय शर्मा



एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि कॉलेज छात्रों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखता है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यापक शैक्षणिक अवसरों से समृद्ध छात्र-अनुकूल इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कॉलेज में लड़कों और लड़कियों के लिए 550 बेड से अधिक का हॉस्टल है और छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता के रूप में प्रतिवर्ष 31.5 लाख रुपये वितरित किए जाते हैं।

## कॉलेज में कोर्स और सीटों पर एक नजर

**अंडर ग्रेजुएट कोर्स :** बीकॉम- 350 सीटें, बीकॉम (टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट) - 70 सीटें, बीबीए 120 सीटें,बीसीए-120 सीटें, बीए - 580 सीटें, बीएससी- 280 सीटें, बीएससी (बायोटेक्नोलाजी) - 30 सीटें, बीएससी (डाटा एनेलिटिक्स)- 70 सीटें। **पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स :** एमकॉम - 80 सीटें, एमए (इंग्लिश) - 40 सीटें, एमए (इक्नॉमिक्स) - 60 सीटें, एमए (सोशियोलॉजी) - 60 सीटें, एमएससी (फिजिक्स) - 40 सीटें, एमएससी (मैथेमैटिक्स) - 40 सीटें, एमएससी (बायोइंफॉरमेटिक्स)-40 सीटें, एमएससी (आईटी) - 40 सीटें, एमएससी अप्लाइड कैमिस्ट्री (40 सीटें), एमकॉम (एंटरप्रेन्योरशिप और फैमिली बिजनेस) - 40 सीटें, एमवॉक (फैशन टेक्नोलॉजी एंड परिधान डिजाइन) - 25सीटें।

## पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स

पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन - 50 सीटें
पीजी डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन - 30 सीटें
पीजी डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेंट - 50 सीटें
पीजी डिप्लोमा इन कार्मिक प्रबंधन और श्रम कल्याण - 50 सीटें

Divya Himachal 15-6-25

दाखिले

**गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में छात्र 28 जून तक कर सकते हैं आवेदन**

# एसडी कालेज में एडमिशन प्रक्रिया शुरू

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़**

उत्तर भारत के प्रमुख मल्टी फैकल्टी को-एजुकेशनल संस्थानों में से एक सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिला लेने के लिए 28 जून तक आवेदन किया जा सकता है। बीकॉम, बीबीए और बीसीए के पहले वर्ष में दाखिला डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन डीएचई चंडीगढ़ की सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होगा। एडमिशन शेड्यूल के तहत पहली जुलाई को शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले सभी छात्रों की लिस्ट डिसप्ले होगी। शेड्यूल के मुताबिक सभी योग्य आवेदकों की प्रोविजनल लिस्ट सात जुलाई को शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी और 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जिन आवेदकों को कालेज अलॉट किया गया है उनकी प्रोविजनल लिस्ट डिसप्ले की जाएगी। वहीं, बीए; बीएससी, बीवॉक जैसे नॉन सेंट्रलाइज्ड कोर्सों के पहले बर्ष में दाखिला लेने को इच्छुक छात्र सीधे कॉलेज की वेबसाइट के माध्यम से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते



हैं। जीजीडीएसडी कॉलेज अकादमिक उत्कृष्टताए नवाचार और समावेशी विकास के एक प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में खड़ा है। कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटीए चंडीगढ़ से संबद्ध है।

कॉलेज 69 मल्टीडिसिप्लनरी अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों के माध्यम से अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुभव प्रदान करता है। कॉलेज में 5 मान्यता प्राप्त रिसर्च सेंटर्स, 72 स्किल एनहांसमेंट कोर्सेज और 50 वैल्यू एडेड प्रोग्राम्स उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के अनुरूप करिकुलम को समग्र विकास, रोजगारपरकता और आजीवन

■ नौ जुलाई को होगी प्रोविजनल लिस्ट डिस्प्ले

सीखने को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। एसडी कालेज के प्रिंसीपल डा. अजय शर्मा ने कहा कि कॉलेज छात्रों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखता है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यापक शैक्षणिक अवसरों से समृद्ध छात्र अनुकूल इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एडवांस्ड शैक्षणिक उपकरणों से सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने के अलावा कॉलेज छात्रों को उनकी विभिन्न प्रतिभाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसर देने और मंच प्रदान करता है।

# एसडी कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू

- यूजी कोर्सों में 28 जून तक करें आवेदन
- कॉलेज 69 मल्टीडिसिप्लनरी अंडर-ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों के माध्यम से प्रदान कर रहा है अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुभव





ब्यूरो/गुड़गांव मेल

**चंडीगढ़।** उत्तर भारत के प्रमुख मल्टी फैकल्टी को-एजुकेशनल संस्थानों में से एक, सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिला लेने के लिए 28 जून तक आवेदन किया जा सकता है। बीकॉम, बीबीए और बीसीए के पहले वर्ष में दाखिला डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन (डीएचई), चंडीगढ़ की सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होगा। एडमिशन शेड्यूल के तहत 1 जुलाई को शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले सभी छात्रों की लिस्ट डिसप्ले होगी। आवेदकों द्वारा विसंगतियों की रिपोर्ट स्पिक को dhechdhelpline@gmail.com के माध्यम से 3 जुलाई को शाम 5 बजे तक की जा सकती है।

शेड्यूल के मुताबिक सभी योग्य आवेदकों की प्रोविजनल लिस्ट 7 जुलाई को शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी और 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जिन आवेदकों को कॉलेज अलॉट किया गया है उनकी प्रोविजनल लिस्ट डिसप्ले की जाएगी। वहीं, बीए, बीएससी, बी.वोक जैसे नॉन सेंट्रलाइज्ड कोर्सों के पहले वर्ष में दाखिला लेने को इच्छुक छात्र सीधे कॉलेज की वेबसाइट www.ggdsd.ac.in के माध्यम से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जीजीडीएसडी कॉलेज अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशी विकास के एक प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में खड़ा है। कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से संबद्ध है। वर्ष 1973 में स्थापित, कॉलेज ने पारंपरिक मूल्यों को भविष्य के लिए तैयार वैश्विक दृष्टिकोण के साथ मिलाकर शिक्षा में लगातार मानक स्थापित किए हैं कॉलेज को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) द्वारा अपने चौथे चक्र में ए+ ग्रेड के साथ पुनः मान्यता दी गई है तथा नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में 70वीं रैंक प्राप्त की है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई मान्यता है। कॉलेज 69 मल्टीडिसिप्लनरी अंडर-ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों के माध्यम से अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुभव प्रदान करता है। कॉलेज में 5 मान्यता प्राप्त रिसर्च सेंटर्स, 72 स्किल एनहांसमेंट कोर्सेज और 50 वैल्यू एडेड प्रोग्राम्स उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप, करिकुलम को समग्र विकास, रोजगारपरकता और आजीवन सीखने को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। जीजीडीएसडी कॉलेज के बुनियादी ढांचे में बिल्डिंग मैनेजमेंट ऑटोमेशन सिस्टम (बीएमएएस) के तहत विकसित एक केंद्रीय वातानुकूलित प्रशासनिक ब्लॉक, स्मार्ट क्लासरूम, पूरी तरह से स्वचालित आरएफआईडी-एनेबल्ड डिजिटल लाइब्रेरी, एडवांस्ड लेक्चर थिएटर्स और आधुनिक सेमिनार और ऑडिटोरियम सुविधाएं शामिल हैं। एक प्लेसमेंट सेल, शिक्षा मंत्रालय द्वारा समर्थित एक इनक्यूबेशन सेंटर, तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और फ्रेजर वैली यूनिवर्सिटी, कनाडा जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग, मजबूत कैरियर की तैयारी और वैश्विक प्रदर्शन प्रदान करते हैं।

**कॉलेज में कोर्स और सीटों पर एक नजर-अंडर ग्रेजुएट कोर्स:** बीकॉम- 350 सीटें, बीकॉम (टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट) - 70 सीटें, बीबीए 120 सीटें, बीसीए-120 सीटें, बीए - 580 सीटें, बीएससी-280 सीटें, बीएससी (बायोटेक्नोलाजी) - 30 सीटें, बीएससी (डाटा एनेलिटिक्स)- 70 सीटें, **पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स**-एमकॉम - 80 सीटें, एमए (इंग्लिश) - 40 सीटें, एमए (इक्नॉमिक्स) - 60 सीटें, एमए (सोशियोलॉजी) - 60 सीटें, एमएससी (फिजिक्स) - 40 सीटें, एमएससी (बायोटेक्नोलॉजी) - 40 सीटें, एमएससी (मैथेमैटिक्स) - 40 सीटें, एमएससी (बायोइंफॉरमेटिक्स)-40 सीटें, एमएससी (आईटी) - 40 सीटें, एमएससी अप्लाइड कैमिस्ट्री (40 सीटें), एमकॉम (एंटरप्रेन्योरशिप और फैमिली बिजनेस) - 40 सीटें, एमवॉक (फैशन टेक्नोलॉजी एंड परिधान डिजाइन) - 25सीटें।

**पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स :** पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन - 50 सीटें- पीजी डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन - 30 सीटें, पीजी डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेंट - 50 सीटें, पीजी डिप्लोमा इन कार्मिक प्रबंधन और श्रम कल्याण - 50 सीटें स्टूडेंट्स के संपूर्ण विकास पर किया जाता है फोकस- डॉ. अजय शर्मा: एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि कॉलेज छात्रों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखता है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यापक शैक्षणिक अवसरों से समृद्ध छात्र-अनुकूल इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एडवांस्ड शैक्षणिक उपकरणों से सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने के अलावा कॉलेज छात्रों को उनकी विभिन्न प्रतिभाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसर देने और मंच प्रदान करता है। कॉलेज में स्टूडेंट्स के संपूर्ण विकास पर फोकस किया जाता है। जीजीडीएसडी कॉलेज के छात्र लगातार पंजाब यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हैं और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर खेल, प्रदर्शन कला और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रशंसा प्राप्त करते हैं। कॉलेज में लड़कों और लड़कियों के लिए 550 बेड से अधिक का हॉस्टल है और छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता के रूप में प्रतिवर्ष 31.5 लाख रुपये वितरित किए जाते हैं।

# एसडी कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू, यूजी कोर्सों में 28 जून तक करें आवेदन

## कॉलेज 69 मल्टीडिसिप्लनरी अंडर-ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों के माध्यम से प्रदान कर रहा है अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुभव



चण्डीगढ़ (हिमप्रभा ब्यूरो)। उत्तर भारत के प्रमुख मल्टी फैकल्टी को-एजुकेशनल संस्थानों में से एक, सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अंडर ग्रेजुएट कोर्सों में दाखिला लेने के लिए 28 जून तक आवेदन किया जा सकता है। बीकॉम, बीबीए और बीसीए के पहले वर्ष में दाखिला डॉयरेक्टर हायर एजुकेशन (डीएचई), चंडीगढ़ की सेंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होगा। एडमिशन शेड्यूल के तहत 1 जुलाई को शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले सभी छात्रों की लिस्ट डिसप्ले होगी। आवेदकों द्वारा विसंगतियों की रिपोर्ट स्पिक को dhechd-helpline@gmail.com के माध्यम से 3 जुलाई को शाम 5 बजे तक की जा सकती है।

शेड्यूल के मुताबिक सभी योग्य आवेदकों की प्रोविजनल लिस्ट 7 जुलाई को शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी और 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे तक जिन आवेदकों को कॉलेज अलॉट किया गया है उनकी प्रोविजनल लिस्ट डिसप्ले की जाएगी। वहीं, बीए, बीएससी, बी.वोक जैसे नॉन सेंट्रलाइज्ड कोर्सों के पहले वर्ष में दाखिला लेने को इच्छुक छात्र सीधे कॉलेज की वेबसाइट 222.ggdsd.ac.in के माध्यम से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जीजीडीएसडी कॉलेज अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार और समावेशी विकास के एक प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में खड़ा है। कॉलेज पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से संबद्ध है। वर्ष 1973 में स्थापित, कॉलेज ने पारंपरिक मूल्यों को भविष्य के लिए तैयार वैश्विक दृष्टिकोण के साथ मिलाकर शिक्षा में लगातार मानक स्थापित किए हैं कॉलेज को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) द्वारा अपने चौथे चक्र में ए+ ग्रेड के साथ पुनः मान्यता दी गई है तथा नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में 70वीं रैंक प्राप्त की है, जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदान की गई मान्यता है।

कॉलेज 69 मल्टीडिसिप्लनरी अंडर-ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों के माध्यम से अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुभव प्रदान करता है। कॉलेज में 5 मान्यता प्राप्त रिसर्च सेंटर्स, 72 स्किल एनहांसमेंट कोर्सेज और 50 वैल्यू एडेड प्रोग्राम्स उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप, करिकुलम को समग्र विकास, रोजगारपरकता और आजीवन सीखने को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

जीजीडीएसडी कॉलेज के बुनियादी ढांचे में बिल्डिंग मैनेजमेंट ऑटोमेशन सिस्टम (बीएमएएस) के तहत विकसित एक केंद्रीय वातानुकूलित प्रशासनिक ब्लॉक, स्मार्ट क्लासरूम, पूरी तरह से स्वचालित आरएफआईडी-एनेबल्ड डिजिटल लाइब्रेरी, एडवांस्ड लेक्चर थिएटर्स और आधुनिक सेमिनार और ऑडिटोरियम सुविधाएं शामिल हैं। एक प्लेसमेंट सेल, शिक्षा मंत्रालय द्वारा समर्थित एक इनक्यूबेशन सेंटर, तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और फ्रेजर वैली यूनिवर्सिटी, कनाडा जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग, मजबूत कैरियर की तैयारी और वैश्विक प्रदर्शन प्रदान करते हैं।

कॉलेज में कोर्स और सीटों पर एक नज़र

**अंडर ग्रेजुएट कोर्स**

बीकॉम- 350 सीटें

बीकॉम (टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट) - 70 सीटें

बीबीए 120 सीटें

बीसीए- 120 सीटें

बीए - 580 सीटें

बीएससी- 280 सीटें

बीएससी (बायोटेक्नोलाजी) - 30 सीटें

बीएससी (डाटा एनेलिटिक्स)- 70 सीटें

**पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स**

एमकॉम - 80 सीटें

एमए (इंग्लिश) - 40 सीटें

एमए (इक्नॉमिक्स) - 60 सीटें

एमए (सोशियोलॉजी) - 60 सीटें

एमएससी (फिजिक्स) - 40 सीटें

एमएससी (बायोटेक्नोलॉजी) - 40 सीटें

एमएससी (मैथेमैटिक्स) - 40 सीटें

एमएससी (बायोइंफॉरमेटिक्स)- 40 सीटें

एमएससी (आईटी) - 40 सीटें

एमएससी अप्लाइड कैमिस्ट्री (40 सीटें)

**एमकॉम (एंटरप्रेन्योरशिप और फैमिली बिजनेस) - 40 सीटें**

एमवॉक (फैशन टेक्नोलॉजी एंड परिधान डिजाइन) - 25सीटें

**पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स**

पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन - 50 सीटें

पीजी डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन - 30 सीटें

पीजी डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनेजमेंट - 50 सीटें

**पीजी डिप्लोमा इन कार्मिक प्रबंधन और श्रम कल्याण - 50 सीटें**

स्टूडेंट्स के संपूर्ण विकास पर किया जाता है फोकस- डॉ. अजय शर्मा

एसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि कॉलेज छात्रों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखता है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यापक शैक्षणिक अवसरों से समृद्ध छात्र-अनुकूल इकोसिस्टम प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एडवांस्ड शैक्षणिक उपकरणों से सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करने के अलावा कॉलेज छात्रों को उनकी विभिन्न प्रतिभाओं और आकाक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसर देने और मंच प्रदान करता है। कॉलेज में स्टूडेंट्स के संपूर्ण विकास पर फोकस किया जाता है। जीजीडीएसडी कॉलेज के छात्र लगातार पंजाब यूनिवर्सिटी की परीक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हैं और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर खेल, प्रदर्शन कला और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रशंसा प्राप्त करते हैं। कॉलेज में लड़कों और लड़कियों के लिए 550 बेड से अधिक का हॉस्टल है और छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता के रूप में प्रतिवर्ष 31.5 लाख रुपये वितरित किए जाते हैं।

Punjab Kesari 14-6-25

# कॉलेज 69 मल्टीडिसिप्लनरी कोर्सों के माध्यम से प्रदान कर रहा है अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुभव

## एडमिशन शैड्यूल के तहत 1 जुलाई शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले छात्रों की लिस्ट होगी डिसप्ले

चंडीगढ़, 13 जून (आशीष): सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में अंडर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, वोकेशनल, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

अंडर ग्रेजुएट कोर्सों के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 28 जून है। बी.कॉम., बी.बी.ए. और बी.सी.ए. के पहले वर्ष में दाखिला डायरैक्टर हायर एजुकेशन चंडीगढ़ की सैंट्रलाइज्ड प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से होगा। एडमिशन शैड्यूल के तहत पहली जुलाई शाम 5 बजे तक आवेदन करने वाले छात्रों की लिस्ट डिसप्ले होगी। आवेदकों द्वारा विसंगतियों की रिपोर्ट स्पिक के माध्यम से 3 जुलाई को शाम 5 बजे तक की जा सकती है। योग्य आवेदकों की प्रोविजनल लिस्ट 7 जुलाई शाम 5 बजे तक जारी की जाएगी। इसके बाद 9 जुलाई दोपहर 2 बजे तक अलॉट कॉलेजों की प्रोविजनल लिस्ट डिसप्ले की जाएगी।

वहीं, बी.ए., बी.एससी., बी.वोक. जैसे नॉन सैंट्रलाइज्ड कोर्सों के पहले वर्ष में दाखिला लेने को इच्छुक छात्र सीधे कॉलेज की वैबसाइट के माध्यम से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कॉलेज 69 मल्टीडिसिप्लनरी अंडर-ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सों के माध्यम से अत्याधुनिक शैक्षणिक अनुभव प्रदान करता है। कॉलेज में 5 मान्यता प्राप्त रिसर्च सैंटर्स, 72 स्किल एनहांसमेंट कोर्सेज और 50 वैल्यू एडेड प्रोग्राम्स उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, करिकुलम को समग्र विकास, रोजगारपरकता और आजीवन सीखने को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है।



*प्रिंसीपल डॉक्टर अजय शर्मा जानकारी देते हुए। (परमजीत)*

कॉलेज के बुनियादी ढांचे में बिल्डिंग मैनेजमैंट ऑटोमेशन सिस्टम के तहत विकसित केंद्रीय वातानुकूलित प्रशासनिक ब्लॉक, स्मार्ट क्लासरूम, पूरी तरह से स्वचालित आर.एफ.आई.डी.-एनेबल्ड डिजीटल लाइब्रेरी, एडवांस्ड लैक्चर थिएटर्स और आधुनिक सैमीनार और ऑडिटोरियम सुविधाएं शामिल हैं। एक प्लेसमैंट सेल, शिक्षा मंत्रालय द्वारा समर्थित इनक्यूबेशन सैंटर तथा नैशनल स्टॉक एक्सचेंज और फ्रेजर वैली यूनिवर्सिटी, कनाडा जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग, मजबूत कैरियर की तैयारी और वैश्विक प्रदर्शन प्रदान करते हैं।

Punjab Kesari 16-6-25

### शहर के 12 डिग्री कालेज और रीजनल इंस्टीच्यूट में चल रही है दाखिला प्रक्रिया

# शहर के 11 कालेजों में तीन दिन में बी.कॉम. सीटों के बराबर आए आवेदन




चंडीगढ़, 15 जून (आशीष) : शहर के 12 सरकारी और प्राइवेट कालेजों में सैंट्रलाइज्ड दाखिले प्रक्रिया के तहत तीन दिन के भीतर सीटों के बराबर या फिर तीन गुणा आवेदन उच्च शिक्षा विभाग के पास प्राप्त हो चुके हैं। चंडीगढ़ प्रशासन ने स्नातक प्रथम वर्ष की दाखिला प्रक्रिया 13 जून से शुरू की है जो 28 जून तक चलेगी। बी.कॉम., बी.बी.ए. और बी.सी.ए. का दाखिला विभाग सैंट्रलाइज करवा रहा है, जबकि बी.एससी., बी.ए. और बी.ए. ऑनर्स संकाय की दाखिला प्रक्रिया कालेज अपने स्तर पर कर रहे हैं। सैंट्रलाइज प्रक्रिया को आई.टी. विभाग की स्पिक सोसायटी संचालित कर रही है, जिसके पास 15 जून तक सांय पांच तक सीटों के बराबर या तीन गुणा ज्यादा आवेदन पहुंच चुके हैं। आवेदन के बाद मैरिट के आधार पर विद्यार्थी को कालेज में दाखिला दिया जाएगा।

| संकाय का नाम | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बी.कॉम. | 2310 | 2509 |
| बी.बी.ए. | 560 | 1599 |
| बी.सी.ए. | 880 | 2064 |

ADMISSION OPEN

**हेल्पडैस्क के साथ कर रहे हैं ऑनलाइन दाखिला**

सैंट्रलाइज संकाय में दाखिला प्रक्रिया के अलावा नान-सैंट्रलाइज संकाय पर दाखिले के लिए शहर ने ऑनलाइन के अलावा शहर के सभी कालेजों ने विशेष हैल्प डैस्क भी स्थापित किए हैं। हैल्प डैस्क विद्यार्थियों को एन.ई.पी. 2020 के अनुसार सब्जैक्ट कोबिंनेशन और चार वर्षीय पढ़ाई की जानकारी करने के साथ आवेदन प्रक्रिया भी पूरी करवा रहे हैं। कॉलेजों में ऑफलाइन आवेदन की जानकारी हासिल करने या फिर आवेदन करने के लिए विद्यार्थी दोपहर तीन बजे तक कैंपस पहुंच सकते हैं।



## ऑनलाइन काउंसलिंग

**पहली**

कोर्स के सामान्य वर्ग यू.टी. पूल और आऊट साइड यू.टी. पूल 11 जुलाई को सुबह 10 बजे, 12 जुलाई को आरक्षित सीटों की काउंसलिंग सुबह 10 बजे से आरंभ होगी।

**दूसरी**

दूसरी ऑनलाइन कोर्स की काउंसलिंग सामान्य वर्ग यू.टी. पूल और आऊट साइड यू.टी. पूल 17 जुलाई को सुबह 10 बजे, 18 जुलाई को आरक्षित सीटों की काउंसलिंग सुबह 10 बजे से आरंभ होगी।

उच्च शिक्षा विभाग की वैबसाइट पर 14 जुलाई को शाम पांच बजे तक खाली सीटें प्रदान की जाएंगी।

## छात्रों की सुविधा के लिए हैल्पलाइन नंबर जारी



| | |
|---|---|
| डी.ए.वी. | 100 172-2754400 |
| पी.जी.जी.सी.-11 | 0172-2740597,7696179366,7341185396- |
| पी.जी.जी.सी.जी.-11 | 0172-2760038 |
| एस.जी.जी.एस.सी.-26 | 0172-2790312, 9872768889, 8437766329, 9815755859, 8556928121 |
| जी.जी.एस.सी.डब्ल्यू.-26 | 0172-2791610,2792757,6280791455 |
| जी.जी.डी.एस.डी.-32 | 0172-4912400-405, 0172-2662816, 7009445159 |
| आर.आई.सी.एम.-32 | 0172-2600557 |
| एम.सी.एम.डी.ए.वी.-36 | 9915083048,8699002294,9646091443, 8699790622,981578400 |
| पी.जी.जी.सी.जी.-42 | 7347208069,7347374057,0172-2676005 |
| देव समाज कॉलेज-45 | 0172-2603497, 8427012639, 8360522243 |
| पी.जी.जी.सी.-46 | 0172-2678046, 9478960646, |
| जी.सी.सी.बी.ए.-50 | 0172-2674319, 2673394, 7589560896 |


(परमजीत)

### कॉलेजों में सैंट्रलाइज्ड एडमिशन के लिए बी.कॉम., बी.सी.ए. और बी.बी.ए. की सीटें और बी.ए. में कॉलेज अपने स्तर पर दाखिला करेगा

| कॉलेज | बी.कॉम. | बी.सी.ए. | बी.बी.ए. | बी.ए. |
|---|---|---|---|---|
| सैक्टर 10 डी.ए.वी. | 280 | 120 | 160 | 1000 |
| सैक्टर 11 पी.जी.जी.सी. | 140 | 120 | 80 | 400 |
| सैक्टर 11 पी.जी.जी.सी.जी. | 140 | —— | —— | 900 |
| सैक्टर 26एस.जी.जी.एस.सी. | 280 | 120 | 80 | 2200 |
| सैक्टर 26 जी.जी.एस.सी. | 280 | 40 | —— | 450 |
| सैक्टर 32 जी.जी.डी.एस.डी.सी. | 350 | 120 | 120 | 1050 |
| सैक्टर 32 आर.आई.सी.एम. | —— | —— | 40 | —— |
| सैक्टर 36 एम.सी.एम.डी.ए.वी.सी. | 280 | 80 | 40 | 1000 |
| सैक्टर 42 पी.जी.जी.सी.जी. | 140 | 120 | — | 600 |
| सैक्टर 45 देव समाज कॉलेज फॉर वैमून | 140 | 80 | 40 | 400 |
| सैक्टर 46 पी.जी.जी.सी. | 140 | 40 | 40 | 600 |
| सैक्टर 50 गवर्नमेंट कालेज फॉर कामर्स | 140 | 40 | 80 | —- |

19 जुलाई को बी.बी.ए. बी.सी.ए. और बी.कॉम. में खाली सीट रहने पर अपने स्तर पर भर सकेंगे।

सैक्टर-36 स्थित एम.सी.एस.डी.ए.वी. कालेज में बी.बी.ए. बैंकिग, फाइनैंस सर्विस एंड इंश्योरैंस तीन वर्ष, चार वर्ष ऑनर्स और रिसर्च में 50 सीट। सैक्टर-26 स्थित श्री गुरु गोबिद सिंह कॉलेज और सैक्टर 32 स्थित जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज में बी.कॉम. टैक्स प्लानिंग एंड मैनजमैंट कोर्स में 70-70 सीटें हैं। यह कोर्स में तीन वर्ष, चार वर्ष ऑनर्स और रिसर्च में उपलब्ध है।

### बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन सैंट्रलाइज्ड एडमिशन के तहत दाखिला

28 जून को आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि
1 जुलाई को 5 बजे सभी आवेदन करने वालों की कॉमन लिस्ट जारी होगी।
3 जुलाई को 5 बजे तक छात्र ऑनलाइन ऑब्जेक्शन दर्ज करवा सकेंगे।
7 जुलाई को 5 बजे प्रोविजनल प्रोविजनल मेरिट जारी होगी।
9 जुलाई को दोपहर 2 बजे कोर्स और कॉलेज अलॉटमेंट लिस्ट जारी होगी।

Punjab Kesari 30-6-25



बी.कॉम में सीटों के मुकाबले कई गुणा आवेदन

# बी.कॉम में 5653, बी.बी.ए. में 3898 और बी.सी.ए. में 3537 ने किया आवेदन

चंडीगढ़, 29 जून (आशीष): शहर के 12 सरकारी और निजी कॉलेजों में अंडर ग्रैजुएशन कोर्स में दाखिले के लिए शानिवार देर रात तक आवेदन किया जा सकता था। उच्च शिक्षा विभाग की वैबसाइट पर केन्द्रीयकृत माध्यम से दाखिला फार्म जमा हुए। इनमें इस बार सबसे अधिक आवेदन बी.कॉम कोर्स में दाखिले के लिए मिले हैं।



जानकारी के मुताबिक इस बार बी.कॉम में रूझान फिर से अधिक हुआ है। इसी वजह से इस बार आवेदन प्रक्रिया के तहत बी.कॉम में सीटों के मुकाबले कई गुणा से भी अधिक आवेदन हासिल हुए हैं। जिसके तहत इस दाखिला प्रक्रिया में बी.कॉम में एडमिशन के लिए मारामारी होनी तय है।

ध्यान रहे कि 13 जून से शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 जून थी। अंडर ग्रैजुएशन कोर्स में पिछले साल की तुलना में इस साल बी.कॉम, बी.बी.ए. और बी.सी.ए. में आवदेन कम जमा हुए है। पिछले साल बी.कॉम 5985, बी.बी.ए. 3962 और बी.सी.ए. 4428 आवेदन फार्म जमा हुए थे।

## कालेज और संकायों में सीटें

| कॉलेजों | बी.काम | बी.सी.ए. | बी.बी.ए. |
|---|---|---|---|
| सैक्टर-10 डी.ए.वी., | 280 | 120 | 160 |
| सैक्टर- 11 पी.जी.जी.सी. | 140 | 120 | 80 |
| सैक्टर-11 पी.जी.जी.सी.जी. | 140 | — | — |
| सैक्टर-26 एस.जी.जी.एस.सी. | 280 | 120 | 80 |
| सैक्टर-26 जी.जी.एस.सी. | 280 | 40 | — |
| सैक्टर-32 जी.जी.डी.एस.डी.सी. | 350 | 120 | 120 |
| सैक्टर-32 आर.आई.सी.एम. | — | — | 40 |
| सैक्टर-36 एम.सी.एम.डी.ए.वी.सी. | 280 | 80 | 40 |
| सैक्टर-42 पी.जी.जी.सी.जी. | 140 | 120 | — |
| देव समाज कालेज फॉर वूमैन | 140 | 80 | 40 |
| सैक्टर-46 पी.जी.जी.सी. | 140 | 40 | 40 |
| गवर्नमैंट कॉलेज फॉर कामर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन | 140 | 40 | 80 |

### इस साल जमा हुए फार्म

| संकाय का नाम | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बी.कॉम | 2310 | 5653 |
| बी.बी.ए. | 560 | 3898 |
| बी.सी.ए. | 880 | 3537 |

- 1 जुलाई कोकॉमन लिस्ट जारी होगी।
- 3 जुलाई तक छात्र ऑनलाइन ऑब्जेक्शन दर्ज करवा सकेंगे।

Punjabi Tribune 14-6-25

# ਯੂਟੀ ਦੇ ਸਰਕਾਰੀ ਤੇ ਨਿੱਜੀ ਕਾਲਜਾਂ ’ਚ ਦਾਖ਼ਲੇ ਸ਼ੁਰੂ

- **21,500 ਸੀਟਾਂ ਲਈ ਹੋਣਗੇ ਦਾਖ਼ਲੇ; ਸੈਂਟਰਲਾਈਜ਼ ਕੋਰਸਾਂ ਲਈ 28 ਤੇ ਨਾਨ-ਸੈਂਟਰਲਾਈਜ਼ ਕੋਰਸਾਂ ਲਈ ਆਖ਼ਰੀ ਮਿਤੀ 4 ਜੁਲਾਈ**
- **ਕਾਲਜਾਂ ਵਿੱਚ 11 ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਹੋਵੇਗੀ ਕਾਊਂਸਲਿੰਗ ਸ਼ੁਰੂ**

ਸੁਖਵਿੰਦਰ ਪਾਲ ਸੋਢੀ

**ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ, 13 ਜੂਨ**

ਯੂਟੀ ਦੇ ਸਰਕਾਰੀ ਤੇ ਨਿੱਜੀ ਕਾਲਜਾਂ ਵਿਚ ਦਾਖ਼ਲੇ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਗਏ ਹਨ। ਇਸ ਵੇਲੇ ਸ਼ਹਿਰ ਦੇ ਕਾਲਜਾਂ ਵਿਚ 21,500 ਸੀਟਾਂ ’ਤੇ ਦਾਖ਼ਲੇ ਹੋਣਗੇ ਤੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਸਾਰੇ ਕੇਂਦਰੀਕ੍ਰਿਤ (ਸੈਂਟਰਲਾਈਜ਼) ਕੋਰਸਾਂ (ਬੀਬੀਏ, ਬੀਸੀਏ, ਬੀ.ਕਾਮ) ਲਈ ਦਾਖ਼ਲਾ ਫਾਰਮ ਹੁਣ ਤੋਂ 28 ਜੂਨ ਤੱਕ ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਗੈਰ-ਕੇਂਦਰੀਕ੍ਰਿਤ (ਨਾਨ-ਸੈਂਟਰਲਾਈਜ਼) ਕੋਰਸਾਂ ਅਤੇ ਪੀਜੀ ਕੋਰਸਾਂ ਲਈ ਦਾਖ਼ਲਾ ਫਾਰਮ 4 ਜੁਲਾਈ ਤੱਕ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਵਾ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਾਰ ਕਮੇਟੀ ਦੀ ਸਿਫਾਰਸ਼ ’ਤੇ ਚਾਰ ਸਾਲਾ ਆਨਰਜ਼ ਤੇ ਆਨਰਜ਼ ਖੋਜ ਨਾਲ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਮੁੱਖ ਵਿਸ਼ੇ ਚੁਣਨ ਦੀ ਸਹੂਲਤ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਬੀਐੱਸਸੀ ਲਈ ਸਿਰਫ਼ ਇਕ ਕਾਊਂਸਲਿੰਗ ਹੋਵੇਗੀ ਤੇ ਬੀਏ ਵਿਚ ਦਾਖ਼ਲੇ ਕਾਲਜ ਆਪਣੇ ਪੱਧਰ ’ਤੇ ਕਰਨਗੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾਖ਼ਲਿਆਂ ਸਬੰਧੀ ਪ੍ਰਾਸਪੈਕਟਸ ਅੱਜ ਉੱਚ ਸਿੱਖਿਆ ਡਾਇਰੈਕਟੋਰੇਟ ਵੱਲੋਂ ਮੁੱਖ ਸਕੱਤਰ ਰਾਜੀਵ ਵਰਮਾ, ਸਿੱਖਿਆ ਸਕੱਤਰ ਪ੍ਰੇਰਨਾ ਪੁਰੀ, ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਹਾਇਰ ਐਜੂਕੇਸ਼ਨ ਰੁਬਿੰਦਰਜੀਤ ਸਿੰਘ ਬਰਾੜ ਨੇ ਜਾਰੀ ਕੀਤਾ। ਸ੍ਰੀ ਬਰਾੜ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਇਸ ਵਾਰ ਬੀਬੀਏ ਦੀਆਂ 240, ਬੀਸੀਏ ਦੀਆਂ 320, ਬੀ ਕਾਮ ਦੀਆਂ 700, ਬੀਏ ਦੀਆਂ 3000 ਤੇ ਬੀਐੱਸਸੀ ਦੀਆਂ 640 ਸੀਟਾਂ ਲਈ ਦਾਖ਼ਲੇ ਹੋਣਗੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਸਰਕਾਰੀ ਕਾਲਜਾਂ ਵਿੱਚ ਅੰਡਰਗ੍ਰੈਜੂਏਟ ਕੋਰਸਾਂ ਦੀਆਂ ਸੀਟਾਂ ਵਿੱਚ ਕੋਈ ਬਦਲਾਅ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਹ ਪ੍ਰਾਸਪੈਕਟਸ ਪੋਸਟ ਗਰੈਜੂਏਟ ਸਰਕਾਰੀ ਕਾਲਜ ਸੈਕਟਰ-11 ਵੱਲੋਂ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਰਮਾ ਅਰੋੜਾ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਕਾਲਜਾਂ ਵਿਚ ਕੋਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਈ-ਮੇਲ dhechdhelpline@gmail.com ਅਤੇ 9888989927 (ਪ੍ਰੋਫੈਸਰ ਐੱਮਐੱਲ ਸ਼ਰਮਾ) ਨਾਲ ਸੰਪਰਕ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਜ਼ਿਕਰਯੋਗ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਪ੍ਰਾਸਪੈਕਟਸ ਦੋ ਜੂਨ ਨੂੰ ਜਾਰੀ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਸੀ ਤੇ ਇਸ ਸਬੰਧੀ 30 ਮਈ ਨੂੰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ’ਚ ਮੀਟਿੰਗ ਵੀ ਹੋਈ ਸੀ ਪਰ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਵੱਲੋਂ ਕਈ ਕੋਰਸਾਂ ਨੂੰ ਮਨਜ਼ੂਰੀ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਸੀ ਜਿਸ ਕਾਰਨ ਦਾਖ਼ਲਿਆਂ ਦਾ ਅਮਲ ਕੁਝ ਦਿਨ ਰੋਕਣ ਦਾ ਫ਼ੈਸਲਾ ਲਿਆ ਗਿਆ ਸੀ।

## ਵਿਦਿਆਰਥੀ 3 ਜੁਲਾਈ ਤੱਕ ਦੇ ਸਕਦੇ ਨੇ ਇਤਰਾਜ਼

ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਕੇਂਦਰੀਕ੍ਰਿਤ ਕੋਰਸਾਂ ਲਈ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਦੀ ਸੂਚੀ ਪਹਿਲੀ ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਜਾਰੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ ਤੇ ਜੇ ਇਸ ਸੂਚੀ ਵਿਚ ਖ਼ਾਮੀਆਂ ਰਹਿੰਦੀਆਂ ਹਨ ਤਾਂ ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਸਪਿੱਕ ਨੂੰ 3 ਜੁਲਾਈ ਸ਼ਾਮ ਪੰਜ ਵਜੇ ਤਕ ਇਤਰਾਜ਼ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਪ੍ਰੋਵਿਜ਼ਨਲ ਲਿਸਟ 7 ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਸ਼ਾਮ ਵੇਲੇ ਜਾਰੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ ਤੇ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਕਾਲਜ 9 ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਅਲਾਟ ਕਰ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣਗੇ। ਜਨਰਲ ਵਰਗ ਵਿਚ ਯੂਟੀ ਪੂਲ ਤੇ ਜਨਰਲ ਪੂਲ ਲਈ ਪਹਿਲਾ ਆਨਲਾਈਨ ਦਾਖ਼ਲਾ ਸ਼ਡਿਊਲ 11 ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਹੋਵੇਗਾ ਜਦਕਿ ਰਾਖਵੇਂ ਵਰਗ ਲਈ ਸਾਰੀਆਂ ਵਾਧੂ ਸੀਟਾਂ ’ਤੇ ਕਾਊਂਸਲਿੰਗ 12 ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਹੋਵੇਗੀ। ਦੂਜੀ ਕਾਊਂਸਲਿੰਗ ਸਿਰਫ਼ ਬੀਬੀਏ, ਬੀਸੀਏ ਤੇ ਬੀਕਾਮ ਲਈ ਹੋਵੇਗੀ। ਗੈਰ-ਕੇਂਦਰੀਕ੍ਰਿਤ ਕੋਰਸਾਂ ਲਈ ਆਰਜ਼ੀ ਮੈਰਿਟ ਸੂਚੀ 12 ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਜਾਰੀ ਹੋਵੇਗੀ ਤੇ ਦਾਖ਼ਲੇ 14 ਜੁਲਾਈ ਨੂੰ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਣਗੇ।

# GGDSD College opens admissions for 2025 academic session

@ The Savera Times

Network



**Chandigarh:** Goswami Ganesh Dutta Sanatan Dharma (GGDSD) College, Sector 32-C, one of North India's leading multi-disciplinary institutions, has opened admissions for the academic session 2025–26. With a legacy of over 50 years, the college is now accepting online applications for its wide array of Undergraduate, Postgraduate, Vocational, Diploma, and Certificate programmes. The last date to apply for UG programmes is June 28, 2025. Affiliated to Panjab University and re-accredited with an A+ grade by NAAC in its fourth cycle, GGDSD College holds the 70th position in the National Institutional Ranking Framework (NIRF). Strategically located in Chandigarh, India's first planned city, the institution is known for blending academic rigour with innovation and inclusivity. GGDSD offers 69 undergraduate and postgraduate programmes, 72 skill enhancement and 50 value-added courses. The curriculum is aligned with the National Education Policy (NEP) 2020, promoting employability and holistic development.

The college hosts five research centres and has robust academic infrastructure including smart classrooms, advanced laboratories, RFID-enabled digital library, seminar halls, and a centrally air-conditioned administrative block. The college also features a TV and Radio Studio-cum-Multimedia Lab, biotechnology and commerce research labs, and fashion design studios.

Its Institution Innovation Council (IIC) has received a 4-star rating and the college is part of the PM Vidya Lakshmi Scheme and PM-USHA initiative.

GGDSD College offers a variety of UG programmes including B.Com. (Tax Planning), B.A., B.Sc. (including Biotechnology and Data Analytics), BBA, and BCA. PG programmes include M.Com., M.Sc. (Physics, IT, Applied Chemistry, Mathematics, Biotechnology, Bioinformatics), M.A. (English, Economics, Sociology), and M.Voc. in Fashion Technology. PG diplomas are offered in Mass Communication, Computer Applications (PGDCA), and Management.

Punjab Kesari 16.7.25

www.punjabkesari.in चंडीगढ़ केसरी बुधवार WEDNESDAY, 16 जुलाई 2025

# पी.यू. के एम.ए. संस्कृत विभाग में पहुंचे सिर्फ 15 आवेदन, घटी स्टूडैंट्स की संख्या

**पोस्ट-ग्रैजुएट किसी भी स्ट्रीम में हो, लिया जा सकता है संस्कृत एम.ए. में एडमिशन, सर्टीफिकेट कोर्सों में बढ़ी रूचि**

चंडीगढ़, 15 जुलाई (रश्मि हंस) : पंजाब यूनिवर्सिटी (पी.यू.) के संस्कृत विभाग में संस्कृत पढ़ने के लिए अभी तक सिर्फ 15 स्टूडैंट ने ही आवेदन किया है, जबकि विभाग में एम.ए. में संस्कृत करने की कुल 60 सीटें हैं। अब विभाग में तीन नए फैकल्टी मैंबर्स भी ज्वाइन कर चुके हैं। पी.यू. की ओर से संस्कृत विभाग में तीन फैकल्टी ने पिछले सैशन 2024 में ज्वाइन कर लिया था। इन फैकल्टी मैंबर में साहित्य, दर्शन और दयानंद चेयर के लिए फैकल्टी मैंबर्स

| कोर्स | सीटें |
|---|---|
| एम.ए. संस्कृत | 60 |
| उपनिषद व गीता | 30 (सर्टीफिकेट कोर्स) |
| वैदिक स्टडीज | 20 (सर्टीफिकेट कोर्स) |



नियुक्त किए गए हैं, यानि कि जो स्टूडैंट विभाग से एम.ए. की पढ़ाई कर रहे हैं वे अब उक्त विषयों में पी.एचडी. कर सकते हैं। वह अपनी पसंदीदा विषय में स्पेशलाइजेशन भी हासिल कर सकते हैं। हालांकि स्पैशलाइजेशन करवाने में स्टूडैंट की गिनती भी मायने रखती है। इन फैकल्टी मैंबर में डा. सुनीता, डा. तोमर शर्मा, डा. भारद्वाज शामिल हैं। हालांकि उपनिषद एवं गीता में संस्कृत की 30 सीटों के लिए 60 आवेदन फार्म आए हैं। वहीं दयानंद चेयर के सर्टीफिकेट कोर्स के लिए 20 सीटों के लिए 60 आवेदन फार्म आए हैं ।

## सैशन 2024 में आए थे 12 आवेदन

पिछले सैशन 2024 में एम.ए. में संस्कृत की पढ़ाई करने के लिए सिर्फ 12 स्टूडैंट ने आवेदन किया था। इस बार भी दाखिले लेने वाले स्टूडैंट की संख्या सिर्फ आधी से भी काफी कम रह गई है। पी.यू. में जहां संस्कृत भाषा में स्टूडैंट दाखिला लेने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। वहीं दिल्ली यूनिवर्सिटी (डी.यू.) व कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी (के.यू.) में संस्कृत विभागों में चल रहे संस्कृत विभागों में सभी सीटें भर जाती हैं।

पी.जी. और संस्कृत : कोई स्टूडैंट किसी भी स्ट्रीम में पोस्ट-ग्रैजुएट करता है तो वह संस्कृत भी पढ़ सकता है और एम.ए. में भी एडमिशन ले सकता है। सैशन-2023 से पी.यू. के संस्कृत विभाग में जहां हर बार एम.ए. डिग्री के लिए आवेदन घटते जा रहे हैं। इससे पहले संस्कृत विभाग में 30 या 35 तक स्टूडैंट की सीटें भर जाती थीं।

## एस.डी. कॉलेज में भरी 80 सीटें

एस.डी. कॉलेज में स्नातक स्तर पर संस्कृत की 80 सीटें भर गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार इस बार भी कॉलेज के पास संस्कृत भाषा पढ़ने के लिए काफी संख्या में आवेदन आए हैं। ज्यादा आवेदन कालेज प्रिंसीपल के संस्कृत को को स्पोर्ट करने के चलते आते हैं।

## संस्कृत स्कूलों में नहीं पढ़ाई जा रही

पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के स्कूलों में संस्कृत नहीं पढ़ाई जा रही है। चंडीगढ़ के भी बेहद ही कम स्कूलों में संस्कृत भाषा पढ़ाई जाती है इसलिए यहां पर संस्कृत पढ़ने वाले स्टूडैंट कम हैं।

"विभाग में संस्कृत का लिट्रेचर तो हमेशा ही पढ़ाया जाता है, लेकिन स्पेशलाइजेशन उसी में करवाई जाती है जिसमें स्टूडैंट ज्यादा मांग करते हैं। अब विभाग में फैकल्टी की कोई कमी नहीं है। इसलिए स्टूडैंट अपने पसंदीदा कोर्स पढ़ने के लिए पी.यू. में दाखिला ले सकते हैं।

प्रो. वी.के. अलंकार, पी.यू. संस्कृत विभाग